Publication	Dainik Jagran	Language	Hindi
Edition	New Delhi	Journalist	Bureau
Date	01/12/2023	Page no	9
CCM	67.24		

Rs 1,658 crore plan approved for Joshimath

जोशीमठ के लिए 1,658 करोड़ की योजना मंजूर

अमित शाह की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति ने पुनर्निर्माण योजना पर लिया फैसला

नई दिल्ली, प्रेट्र : केंद्र सरकार ने गुरुवार को उत्तराखंड के जोशीमठ के लिए 1658.17 करोड़ की पुनर्निर्माण योजना को मंजूरी दे दी, जो इस साल की शुरुआत में जमीन धंसने से प्रभावित हुआ था। यह निर्णय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति द्वारा लिया गया।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि समिति ने जोशीमठ के लिए 1658.17 करोड़ की रिकवरी एंड रिकंस्ट्रक्शन प्लान को मंजूरी दी। इस योजना के तहत एनडीआरएफ के पुनर्निर्माण मद से 1079.96 करोड़ की केंद्रीय सहायता दी जाएगी। गृह मंत्रालय के अनुसार, उत्तराखंड सरकार अपने राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) से 126.41 करोड़ देगी।

राज्य के बजट से 451.80 करोड़ रुपये देगी। इसमें पुनर्वास के लिए भूमि अधिग्रहण लागत 91.82 करोड़ रुपये भी शामिल है। बयान में कहा गया है कि जोशीमठ भूस्खलन व जमीन धंसने से प्रभावित हुआ है और केंद्र सरकार ने राज्य को सभी आवश्यक तकनीकी व अन्य सहायता प्रदान की है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के मार्गदर्शन में सभी तकनीकी एजेंसियों को कार्रवाई में लगाया गया। जोशीमठ के लिए पुनर्निर्माण योजना तीन वर्षों में लागू की जाएगी।

Internal (for authorised circulation only)

Downloaded from
SAMVAD